SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ll अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ll

Special 20 Questions for Current Affairs 03/06/2019

Q1. पहली कैबिनेट बैठक में मोदी सरकार ने रक्षा सचिव संजय मित्रा का कार्यकाल कितनें महीने बढ़ा दिया है?

क. 2 महीने

ख. 3 महीने

ग. 6 महीने

घ. 10 महीने

मोदी सरकार ने हाल ही में पहली कैबिनेट बैठक में रक्षा सचिव संजय मित्रा का कार्यकाल 3 महीने बढ़ा दिया है वे अपना 2 वर्ष का कार्यकाल खत्म करने के बाद हाल ही में सेवानिवृत्त होने वाले थे.

Q2. हाल ही में जारी के गयी भारत की सेंसेक्स की टॉप 10 सबसे बड़ी कंपनियों की लिस्ट में कौन सी कंपनी पहले स्थान पर रही है?

क. एचडीएफसी ग्रुप

ख. टीसीएस

ग. आईटीसी

घ. रिलायंस इंडस्ट्रीज

हाल ही में जारी के गयी भारत की सेंसेक्स की टॉप 10 सबसे बड़ी कंपनियों की लिस्ट में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर रही है. रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाद टीसीएस, एचडीएफसी ग्रुप, एचयुएल और आईटीसी को स्थान मिला है.

Q3. संसद भवन में कांग्रेस के 52 नवनिर्वाचित सांसदों और महासचिवों की बैठक में किसे चौथी बार पार्टी के संसदीय दल का नेता चुना गया है?

क. शीला दीक्षित

ख. सोनिया गांधी

ग. राहुल गाँधी

घ. रणदीप सुरजेवाला

हाल ही में संसद भवन में हुई कांग्रेस के 52 नवनिर्वाचित सांसदों और महासचिवों की बैठक में सोनिया गांधी को चौथी बार पार्टी के संसदीय दल का नेता चुना गया है. वे वर्ष 2004 से लगातार इस पद पर हैं.

SarkariExam.com

Q4. निम्न में से किस देश की सरकार ने वीजा के लिए सोशल मीडिया अकाउंट का नाम और पिछले पांच साल का रिकॉर्ड भी देना अनिवार्य कर दिया है?

क. जापान सरकार

ख. चीन सरकार

ग. ऑस्ट्रेलिया सरकार

घ. अमेरिकी सरकार

अमेरिका की सरकार ने हाल ही में वीजा नियमों में बदलाव करते हुए वीजा के लिए सोशल मीडिया अकाउंट का नाम और पिछले पांच साल का रिकॉर्ड भी देना अनिवार्य कर दिया है. इस नियम के मुताबिक वीजा के लिए पुराने पासपोर्ट्स का नंबर और ब्योरा भी देना होगा.

Q5. उद्योगपति ब्रज मोहन खेतान का हाल ही में कितने वर्ष की आयु में निधन हो गया है?

क. 82 वर्ष

ख. 88 वर्ष

ग. 92 वर्ष

घ. 96 वर्ष

उद्योगपति ब्रज मोहन खेतान का हाल ही में 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया है. वे बीमारियों से पीड़ित थे. और वे इस वर्ष 25 अप्रैल तक विलियमसन मैगर ग्रुप की कंपनियों एवरेडी और मैकलेऑड रसेल के चेयरमैन थे.

SarkariExam.Com

Q6. इनमे से किसने हाल ही में इंडियन एयरस्पेस में लगाए गए सभी अस्थाई प्रतिबंधों को खत्म कर दिया है?

क. सुप्रीमकोर्ट

ख. हाईकोर्ट

ग. केंद्र सरकार

घ. खेल मंत्रालय

केंद्र सरकार ने हाल ही में इंडियन एयरस्पेस में लगाए गए सभी अस्थाई प्रतिबंधों को खत्म कर दिया है. केंद्र सरकार ने कहा है की यह यह भारत की तरफ से पाकिस्तान के एक जेस्चर की शुरुआत है ताकि पाकिस्तान भी अपने एयरस्पेस को पहले की तरह उड़ानों के लिए खोल सके.

Q7. एडिशनल एडवोकेट जनरल सतीश चंद्र वर्मा को किस राज्य का नया एडवोकेट जनरल नियुक्त किया गया है?

क. केरल

ख. गुजरात

ग. छत्तीसगढ़

घ. दिल्ली

एडिशनल एडवोकेट जनरल सतीश चंद्र वर्मा को हाल ही में छत्तीसगढ़ का नया एडवोकेट जनरल नियुक्त किया गया है. वे कनक तिवारी की जगह लेंगे और यह बदलाव तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है.

SarkariExam.Com

Q8. सुप्रीमकोर्ट ने किस हाईकोर्ट के चिकित्सकीय जांच के आदेश पर रोक लगा दी है?

क. छत्तीसगढ़ हाइकोर्ट

ख. पंजाब हाइकोर्ट

ग. दिल्ली हाइकोर्ट

घ. केरल हाइकोर्ट

सुप्रीमकोर्ट ने हाल ही में छत्तीसगढ़ हाइकोर्ट के चिकित्सकीय जांच के आदेश पर रोक लगा दी है. पहले छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक आदेश पारित कि डॉक्टरों की एक टीम एक महिला की चिकित्सकीय जांच करें.

Q9. इतिहास रचते हुए भारतीय वायुसेना की मोहना सिंह दिन में मिशन को अंजाम देने वाली______ महिला लड़ाकू पायलट बन गयी है?

क. पहली

ख. दूसरी

ग. तीसरी

घ. चौथी

इतिहास रचते हुए हाल ही में भारतीय वायुसेना की मोहना सिंह दिन में मिशन को अंजाम देने वाली पहली महिला लड़ाकू पायलट बन गयी है. 2016 में मोहना को दो अन्य महिलाओं भावना कांत और अवनी चतुर्वेदी के साथ जून 2016 में लड़ाकू पायलट प्रशिक्षण के लिए चुना गया था.

SarkariExam.Com

Q10. अमेरिकी अन्तरिक्ष एजेंसी नासा ने वर्ष 2020 तक _____ पर उपकरण भेजने के लिए तीन कंपनियों को चुना है?

क. शनि ग्रह

ख. शुक्र ग्रह

ग. चांद

घ. वरुण ग्रह

अमेरिकी अन्तरिक्ष एजेंसी नासा ने वर्ष 2020 तक चांद पर उपकरण भेजने के लिए तीन कंपनियों (एस्ट्रोबॉटिक, इंट्यूटिव मशीन्स और ऑर्बिट बियॉड) को चुना है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चांद पर लोगों को भेजने के कार्यक्रम में बदलाव करते हुए उसे 4 साल बाद, 2024 को तय किया है.

Q11. निम्न में से किस देश की सरकार ने विश्व में पहली बार 'वेलबीइंग बजट' पेश किया है?

क. भारत सरकार

ख. अमेरिकी सरकार

ग. न्यूजीलैंड सरकार

घ. जापानी सरकार

न्यूजीलैंड सरकार हाल ही में विश्व में पहली बार 'वेलबीइंग बजट' पेश किया है. सरकार के वित्तमंत्री ग्रांट रॉबर्टसन ने इस 'वेलबीइंग बजट' में एक बड़ा हिस्सा बाल गरीबी, मानसिक स्वास्थ्य और घरेलू हिंसा रोकने के लिए सुरक्षित रखा है.

SarkariExam.Com

Q12. लिवरपूल ने टॉटेनहैम हॉटस्पर को हराकर 14 वर्ष बाद कौन सी बार चैम्पियंस लीग का ख़िताब जीता है?

क. दूसरी बार

ख. तीसरी बार

ग. पांचवी बार

घ. छठी बार

चैम्पियंस लीग के फाइनल मुकाबले में लिवरपूल ने टॉटेनहैम हॉटस्पर को हराकर 14 वर्ष बाद छठी बार चैम्पियंस लीग का ख़िताब जीता है. लिवरपूल ने इससे पहले वर्ष 2005 में इटली के क्लब मिलान को हराकर चैम्पियंस लीग का ख़िताब जीता था.

Q13. किस राज्य सरकार ने हाल ही में हाइजिन रेटिंग के बिना ऑनलाइन फ़ूड सप्लाई पर रोक लगा दी है?

क. केरल सरकार

ख. गुजरात सरकार

ग. पंजाब सरकार

घ. दिल्ली सरकार

पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री ब्रह्म मोहिंद्रा ने हाल ही में हाइजिन रेटिंग के बिना ऑनलाइन फ़ूड सप्लाई पर रोक लगा दी है. उन्होंने कहा है की अब बिना हाइजिन रेटिंग वाले ऑनलाइन खाने की डिलीवरी पर प्रतिबन्ध लगाया जायेगा.

SarkariExam.Com

Q14. निम्न में से किस टेलीकॉम ऑपरेटर ने अपने देश के 6 प्रमुख शहरों में 5-जी सेवा शुरु की है?

क. ब्रिटिश टेलीकॉम ऑपरेटर

ख. संघाई टेलीकॉम ऑपरेटर

ग. अमेरिका टेलीकॉम ऑपरेटर

घ. रिलायंस जियो

ब्रिटिश टेलीकॉम ऑपरेटर ने हाल ही में लंदन सहित 6 प्रमुख शहरों में 5-जी सेवा शुरु की है. कुछ उपयोग करता अगली पीढ़ी के मोबाइल संचार नेटवर्क की उच्च गति कनेक्टिविटी का अनुभव कर सकते हैं.

Q15. हॉलीवुड के सीनियर एक्टर कैरमाइन कैरिडी का हाल ही में कितने वर्ष की आयु में निधन हो गया है?

क. 82 वर्ष

ख. 85 वर्ष

ग. 88 वर्ष

घ. 94 वर्ष

हॉलीवुड के सीनियर एक्टर कैरमाइन कैरिडी का हाल ही में 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया है. 'ब्रॉडवे से लेकर, फिल्म और टेलीविजन तक में काम करने वाले कैरमाइन ने छह दशकों तक दर्शकों का मनोरंजन किया है.

SarkariExam.Com

Q16. किस देश के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने अपने देश की कैबिनेट में पहली बार 50 प्रतिशत महिलाएं शामिल की है?

क. भारत

ख. ऑस्ट्रेलिया

ग. दक्षिण अफ्रीका

घ. श्री लंका

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने अपने देश की कैबिनेट में पहली बार 50 प्रतिशत महिलाएं शामिल की है. उन्होंने हाल ही में नये मंत्रिमंडल की घोषणा की है. इन 50 प्रतिशत महिलाएं में से एक महिला विपक्षी पार्टी की भी है, जो अपने आप में एक अभूतपूर्व कदम है.

Q17. निम्न में से किस हॉस्पिटल में भारत का पहला मल्टी-स्क्लेरोसिस क्लिनिक खोला जायेगा?

क. अपोलो हॉस्पिटल

ख. फोर्टिस हॉस्पिटल

ग. ग्लोबल हॉस्पिटल

घ. एम्स हॉस्पिटल

दिल्ली के एम्स हॉस्पिटल में भारत का पहला मल्टी-स्क्लेरोसिस क्लिनिक खोला जायेगा. जो की जून के दूसरे सप्ताह में खोला जायेगा. मल्टी-स्क्लेरोसिस एक बीमारी है जो की शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली ही माइलिन जो तंत्रिका तंतुओं के चारों और स्थित होता है.

SarkariExam.Com

Q18. महिंदा देशप्रिय ने श्रीलंका में किस पद के लिए 15 नवंबर से 7 दिसंबर के बीच चुनाव की घोषणा की है?

क. प्रधानमंत्री

ख. निगम पार्षद अध्यक्ष

ग. राष्ट्रपति

घ. राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री दोनों

श्रीलंका के चुनाव आयोग प्रमुख महिंदा देशप्रिय ने हाल ही में देश में राष्ट्रपति पद के लिए 15 नवंबर से 7 दिसंबर के बीच चुनाव की घोषणा की है.

Q19. वेस्टइंडीज का कौन सा खिलाडी हाल ही में वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गया है?

क. कार्लोस ब्रैथवेट

ख. क्रिस गेल

ग. हर्शल गिब्स

घ. एबी डिविलियर्स

हाल ही में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के क्रिस गेल वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गया है. उन्होंने वर्ल्ड के मैच में पाकिस्तान के खिलाफ अर्धशतक बनाया है. क्रिस गेल ने वर्ल्ड कप में 27 मैच में 40 छक्के लगाये है.

SarkariExam.Com

Q20. इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए किसने दिल्ली, शिमला, मैसूर, अहमदाबाद और रांची को चुना है?

क. सुप्रीमकोर्ट

ख. हाईकोर्ट

ग. केंद्र सरकार

घ. निति आयोग

केंद्र सरकार ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए दिल्ली, शिमला, मैसूर, अहमदाबाद और रांची को चुना है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दुसरे कार्यकाल में यह पहला विशाल सार्वजनिक आयोजन होगा.

SarkariExam.Com